## खबर संक्षेप

### संस्कार पब्लिक स्कूल शहपुरा में धूमधाम से मनाया गया 76वां गणतंत्र दिवस



**शहपुरा।** संस्कार पब्लिक स्कूल शहपुरा में 76वां गणतंत्र दिवस मनाया गया। संस्कार पब्लिक स्कूल शहपुरा में विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष बी पी झरिया की उपस्थिति में ध्वजारोहण किया गया तत्पश्चात विद्यालय के छात्राओं के द्वारा देशभक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया सर्वप्रथम लय झारिया कक्षा दूसरी के द्वारा भाषण प्रस्तुति दी गई। विद्यालय की छात्र -छात्राओं के द्वारा सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया गया विद्यालय परिवार से प्राचार्य सविता झारिया ने समस्त छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी प्राधानाध्यापक आर. एल. चंद्रा , खेलन झरिया, दिनेश कुमार गौतम , पूनम श्रीवास, श्रुति गुप्ता, कीर्ति साहू, तनु बरमैया, मीनाक्षी माधवी, ममता रानी सेंगर , श्वेता झरिया, एकता गुप्ता, वैशाली गुप्ता , सुषमा बरमैया, अंकिता झारिया सरिता साहू , बॉबी यादव, फूलबाई झारिया एवं समस्त अभिभावक छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### यातायात नियमों के प्रति लोगों को किया जागरूक

**डिंडौरी।** राष्ट्रीय सडक सुरक्षा माह के तहत सोमवार को शहपुरा में साप्ताहिक बाजार के अवसर पर अधिक से अधिक लोगो को यातायात के नियमों के प्रति जागरूक करने के लिये थाना यातायात की टीम एवं थाना शहपुरा स्टाफ द्वारा हेलमेट वाहन रैली



निकालकर लोगो को हेलमेट पहनकर दो पहिया वाहन चलाये जाने का संदेश दिया। इस दौरान जागरूकता रथ एवं नुक्कड नाटक के माध्यम से लोगों को एकत्रित कर उन्हें यातायात नियमों की जानकारी संबंधी पम्पलेट वितरण कर यातायात के नियमों का पालन करने का अनुरोध किया गया। कार्यक्रम के दौरान थाना यातायात से उप निरीक्षक खूब सिंह ठाकुर, एएसआई मनोज खम्परिया, कमलेश अहिरवार सहित थाना शहपुरा का स्टाफ एवं नुक्कड नाटक मण्डली के आल्हा पारस , दुक्खीदास पारस, गुंजा बाई, गोपाल सिंह धुर्वे , अस्सू यादव सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

### ग्राम पंचायत सक्का का आयोजित ग्राम सभा बैठक का बहिष्कार



**अमरपुर।** मध्य प्रदेश शासन द्वारा सभी ग्राम पंचायत में 24 जनवरी 2025 से 28 जनवरी तक ग्रामों में ग्राम सभा बैठक का आयोजन करने के निर्देशानुसार जारी किए गए थे। जिस तारतम्य में 27 जनवरी को ग्राम पंचायत मुख्यालय सक्का ग्राम सभा बैठक का आयोजन किया गया। परंतु सक्का के ग्रामीणों द्वारा आयोजित ग्राम सभा बैठक का बहिष्कार किया गया। जिसका कार्यवाही पंजी में उल्लेख किया गया कि तहसीलदार उपतहसील अमरपुर आर आई एवं हल्का पटवारी द्वारा अवैध अतिक्रमण के संबंध विधि संगत कार्यवाही न करते हुए पक्षपात पूर्ण कार्यवाही की जाती हैं। ग्रामीणों द्वारा जानकारी दी गई कि आंगनवाड़ी परिसर में अवैध कब्जा किया जाकर बने शौचालय भी तोड़ दिया गया हैं। आपत्ति करने पर गाली-गलौज कर मारपीट करने की धमकी दी जाती हैं। परंतु प्रशासन द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की जा रही हैं। जबकि आंगनबाड़ी की सुरक्षा के लिए ग्राम पंचायत द्वारा बाउंड्री वॉल बनाना प्रस्तावित हैं। जोकि अतिक्रमण की वजह से निर्माण कार्य नहीं किया जा रहा हैं।

## विकास कार्यों की जगह सचिव राजेश मसराम और सरपंच पुत्र की फोटो अपलोड

# जीपीडीपी की उड़ाई धज्जियां

- डिंडोरी जनपथ पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत सारंगपुर पड़रिया का मामला
- जीपीडीपी कार्ययोजना के विरुद्ध अन्य कार्यों में लाखों का भुगतान, अन्य व्यय के नाम सरकारी धन का बंदरबांट
- जनपद पंचायत सीईओ सहित तकनीकी और प्रशासकीय अधिकारियों की कार्यप्रणाली को लेकर उठ रहे सवाल

केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा शत प्रतिशत वित्त पोषित 15 वें वित्त एवं पांचवे वित्त की राशि इन दिनों ग्राम पंचायतों में जमकर खुर्द बुर्द की जा रही हैं, यूं तो आवंटित राशि व्यय किए जाने हेतु मंत्रालय से स्पष्ट निर्देश जारी किए गए हैं लेकिन डिंडौरी जनपद पंचायत में नियम निर्देश महज कागजों तक सीमित हैं।







**डिंडोरी।**

कार्यों की प्राथमिकता तय करने हेतु ग्राम पंचायतों की प्रतिवर्ष जीपीडीपी कार्ययोजना बनाई जाती हैं, कार्ययोजना में दर्ज कार्यों पर व्यय किए जाने के नियम है,लेकिन ग्राम पंचायत सारंगपुर पड़रिया के सरपंच सचिव ने कार्ययोजना को ठेंगा दिखा मनमाने कार्यों के नाम पर लाखों रुपए का खेल कर रहे हैं।ग्राम पंचायत की कार्ययोजना के अनुसार वित्तीय वर्ष 2023- 24 में प्रस्तावित 57 गतिविधियों में महज 03 गतिविधिया ही प्रारंभ की गई है, वित्तीय वर्ष 2024- 25 में प्रस्तावित 51गतिविधियों में महज 02 कार्य प्रारंभ किए गए हैं।जबकि ग्राम पंचायत सारंगपुर पड़रिया के द्वारा वार्षिक कार्ययोजना के विरुद्ध अन्य मनमानी कार्यों के नाम अपने खास फर्मों को नियम विरूद्ध तरीके से करोड़ों रुपयों का भुगतान किया गया है। 15 वें वित्त की राशि व्यय किए जाने के निर्देशो के विरुद्ध फोटो कॉपी और अन्य व्यय के नाम पर लाखों रुपए का बंदरबांट किया गया है। इतना ही सरकार के पारदर्शिता की मंशा पर बट्टा लगाते हुए विकासध्निर्माण कार्यों की जगह सचिव राजेश मसराम स्वयं का और सरपंच पुत्र का फोटो प्रदर्शित कर रहे हैं, जिससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि सचिव और सरपंच पुत्र अपना विकास भ्रष्टाचार करते हुए झोली भर रहे हैं। वहीं अन्य निर्माण कार्यों के नाम पर अंधेरा या अन्य भ्रामक फोटो लगाकर पारदर्शिता का मजाक उड़ाया जा रहा है।

### अधिकारियों की भूमिका को लेकर सवाल

पंचायती राज के अंतर्गत संचालित योजनाओं का सफल क्रियान्वयन हेतु जनपद पंचायत स्तर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी, पंचायत निरीक्षक समेत सेक्टर स्तर पर पंचायत समन्यवक अधिकारियों की तैनाती कर जवाबदेही तय की गई है लेकिन पंचायतों में व्याप्त अंधेरगर्दी को देख कर आंकलन किया जा सकता है कि जिम्मेदार कर्तव्यों एवं जवाबदेही को किनारे करते हुए मौज कर रहे हैं।

### अपनों को उपकृत करने भंडार क्रय नियम की उड़ाई धज्जियां

ग्राम पंचायत सारंगपुर पड़रिया के सचिव राजेश मसराम द्वारा अपने सगे संबंधी के नाम गौरव ट्रेड्स रजिस्टर्ड करा शासन को पलीता लगाया जा रहा है , जबकि नियमानुसार भंडार क्रय नियमो का पालन करते हुए निम्न दरों पर सामग्री प्रदान करने वाले सप्लायरों से मटेरियल क्रय किया जाना चाहिए जिससे भ्रष्टाचार और बंदरबाट करने की संभावनाओं पर विराम लगाया जा सके। लेकिन स्थानीय प्रशासन ही जब बंदरबांट की खेल में साझेदार हो तो विकास कार्यों सहित शासन के दिशा निर्देश कागजों पर ही सिमटते रहेंगी। चहेते सप्लायरों को अवैध तौर पर लाखों का भुगतान कर बंटवारा किया जा रहा है।



## जनपद पंचायत डिंडौरी के तहत आनन्द उत्सव कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**डिंडोरी।** मकर संक्रांति के पावन पर्व से आनंद उत्सव का आयोजित किए जा रहे हैं। आनंद उत्सव का आयोजन डिंडौरी जनपद पंचायत के तहत उत्कृष्ट विद्यालय परिसर में किया गया। आनंद उत्सव कार्यक्रम जनपद पंचायत अध्यक्ष आशा सिंह, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष रामकिशोरी ठाकुर, जिला पंचायत सदस्य हीरा रूद्रेश परस्ते की मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। इस दौरान एसडीएम डिंडौरी रामबाबू देवांगन, सीईओ जनपद पंचायत निखिलेश कटारे सहित अधिकारी और कर्मचारीगण उपस्थित रहे। मकर संक्रांति सूर्य के उत्तरायन होने के उपलक्ष्य में मनाया जाता है, इस अवसर पर सामूहिक सहभागिता बढ़ाने के लिए शासन के निर्देशानुसार जिले की सभी पंचायतों में आनंद उत्सव का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें क्षेत्रीय कला और संस्कृति पर केंद्रित विभिन्न खेलों का आयोजन किया जाना है, इसी क्रम में आयोजित आनंद उत्सव में नगरवासियों की सहभागिता रही है। आयोजन का उद्देश्य नागरिकों में भागीदारी को बढ़ाने के साथ ही व्यस्त जीवन से कुछ समय आनंद मनाने के लिए सुनिश्चित करवाना रहा, आज के इस आनन्द उत्सव में सबसे पहले महिलाओं को कुर्सी दौड़, रस्साकस्सी, जलेबी दौड़ एवं पुरुष वर्ग में भी रस्साकस्सी, एवं जलेबी दौड़ का आनंद लिया गया। सभी आयोजित खेल सहभागिता और सामंजस्य को बढ़ावा देते है, जिसमें लोगों ने बिना किसी चिंता और फिक्र के बढ़ चढ़ का भाग लिया।

### छात्राओं से छेड़खानी के आरोप में प्राचार्य गिरफ्तार

**अनूपपुर।** शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अनूपपुर में कक्षा 11 वीं एवं 12वीं में अध्यनरत तीन नाबालिग छात्राओं द्वारा विद्यालय के प्राचार्य हीरालाल बहेलिया द्वारा गलत नियत से छेड़खानी की रिपोर्ट किए जाने पर विद्यालय की 06 सदस्यीय आंतरिक परिवाद समिति (अध्यक्ष मीनू प्रजापति) से जांच रिपोर्ट प्राप्त कर महिला उपनिरीक्षक सरिता लकडा द्वारा धारा 74 भारतीय न्याय संहिता एवं धारा 7/8, 9सी, 9एफ, 10 लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम में तीन अपराध 37/25, 38/25, 39/25 पंजीबद्ध कर 61 वर्षीय प्राचार्य हीरालाल बहेलिया पिता दद्दी प्रसाद बहेलिया वर्तमान पता वार्ड नंबर 10 अनूपपुर स्थाई पता ग्राम शिकारगंज रामपुर नैकिन जिला सीधी को कोतवाली पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है। पुलिस विवेचना में लगे हुए सीसीटीवी कैमरे के फुटेज भी जप्त किए गए हैं।

## पुलिस परेड मैदान डिंडौरी में गणतंत्र दिवस का पर्व हर्षोल्लास और गरिमापूर्वक मनाया गया

# कलेक्टर ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया, मुख्यमंत्री के संदेश का किया वाचन







**डिंडोरी।**

पुलिस परेड मैदान डिंडौरी में 26 जनवरी 2025 गणतंत्र दिवस पर्व का जिला स्तरीय कार्यक्रम हर्षोल्लास और गरिमापूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम के कलेक्टर हर्ष सिंह ने झंडा वंदन कर परेड की सलामी ली और जनता के नाम मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया। कलेक्टर हर्ष सिंह व पुलिस अधीक्षक श्रीमती वाहनी सिंह ने खुले आसमान में गुब्बारे छोड़कर गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर पुलिस बैंड द्वारा धुन पर राष्ट्रगान एवं मध्यप्रदेश गान गाया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष रूद्रेश परस्ते, नगर पंचायत डिंडौरी अध्यक्ष श्रीमती सुनीता सारस, पुलिस अधीक्षक श्रीमती वाहनी सिंह, डीएफओ (सामान्य) पुनीत सोनकर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जगन्नाथ मरकाम, सीईओ जिला पंचायत अनिल कुमार राठौर,एसडीएम बजाग सुश्री भारती मेरावी, एसडीएम डिंडौरी रामबाबू देवांगन, डिप्टी कलेक्टर वैद्यनाथ वासनिक, कैलाशचंद जैन, भाजपा जिला अध्यक्ष चमरू सिंह नेताम, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती अंजू ब्यौहार, जनपद पंचायत अध्यक्ष डिंडौरी श्रीमती आशा सिंह, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती हीरा रूद्रेश परस्ते, अवधराज बिलैया, नरेद्र राजपूत, आशीष वैश्य, अशोक अवधिया सहित अन्य विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, गणमान्य नागरिक एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

### छात्र-छात्राओं ने प्रस्तुत किए सांस्कृतिक और देशभक्ति कार्यक्रम



कलेक्टर ने सर्वप्रथम परेड निरीक्षण कर परेड की सलामी ली। परेड में 36वीं बटालियन एसएफ, जिला बल डिंडौरी, जिला महिला बल, होम गार्ड, वनपाल दल, रेड क्रॉस, शौर्या दल और कोटवार दल सहित स्थानीय स्कूलों के दल शामिल हुए। परेड का नेतृत्व सुबेदार कुंवर सिंह और सेकेण्ड इंचार्ज एस आई अनुराग जामदार ने किया। मुख्य अतिथि के द्वारा परेड कमांडरों से परिचय प्राप्त किया गया और परेड में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले दलों को पुरूस्कृत किया गया। शालेय छात्र-छात्राओं के द्वारा पीटी प्रदर्शन किया गया। गणतंत्र दिवस के अवसर पर सरस्वती ज्ञान मंदिर प्रचीन डिंडौरी, कन्या कस्तूरबा उ.मा.वि. डिंडौरी, कन्या शिक्षा परिसर डिंडौरी और एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय डिंडौरी, सरस्वती शिशु उ.मा.वि. डिंडौरी, शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय डिंडौरी द्वारा सांस्कृतिक और देशभक्ति के कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में छात्र-छात्राओं द्वारा जय जवान-जय किसान, बेटी बचाओ-बेटी पढाओ, लोक संस्कृति आदि विषयों पर रंगारंग प्रस्तुति दी गई। कलेक्टर हर्ष सिंह, पुलिस अधीक्षक श्रीमती वाहनी सिंह ने सांस्कृतिक और देशभक्ति कार्यक्रम में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरूस्कृत किया। जिसमें प्रथम स्थान कस्तुरबा कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डिंडौरी को मिला।

### योजनाओं और उपलब्धियों पर आधारित झांकियां निकाली गई

26 जनवरी गणतंत्र दिवस समारोह में विभागीय योजनाओं पर आधारित झांकियॉ निकाली गई। झाकियों में विभागों के द्वारा शासन की योजनाओं और उपलब्धियों को प्रस्तुत किया गया था। जिससे कार्यक्रम में पहुचे नागरिक झाकियों में विभागीय योजनाओं का अवलोकन कर सके। इस अवसर पर वन विभाग की मानव और जीवों के मध्य संबंध बताती झांकी, जनजातीय कार्य विभाग जनमन योजना पर आधारित झांकी, स्वास्थ्य विभाग की निःक्षय अभियान को प्रदर्शित करती झांकी, स्वच्छ भारत मिशन पर आधारित नगर परिषद की झांकी, कृषि विभाग डिंडौरी, जलजीवन मिशन को प्रदर्शित करती पीएचई विभाग की झांकी, बाल विवाह रोकने का संदेश देती महिला एवं बाल विकास विभाग की झांकी, ड्रोन दीदी को प्रदर्शित करती ग्रामीण आजीविका मिशन की झांकी, यातायात नियमों का पालन कराने का संदेश देती यातायात पुलिस विभाग की झांकी सहित अन्य विभागों के द्वारा विभागीय योजनाओं की झांकियों ने उपस्थित जनसमुदाय का मनमोह लिया। कलेक्टर हर्ष सिंह ने झॉकी प्रदर्शन में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने विभागों को पुरूस्कृत किया, जिसमें वन विभाग की झांकी प्रथम स्थान पर रहीं। उन्होंने आयोजित कार्यक्रम में समाजसेवी और विभागीय कार्यां में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी और कर्मचारियों को पुरूस्कृत कर प्रशस्ति पत्र प्रदान किया।

### कलेक्टर ने केन्द्रीय विद्यालय डिंडौरी में किया झंडा वंदन

कलेक्टर हर्ष सिंह ने 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर केन्द्रीय विद्यालय डिंडौरी में झंडा वंदन किया। झंडा वंदन के बाद राष्ट्रगान गाया गया। केन्द्रीय विद्यालय में छात्र-छात्राओं के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए। कलेक्टर हर्ष सिंह ने सभी गणतंत्र दिवस की बहुत बहुत शुभकामानएं दी। विद्यार्थियों को गणतंत्रता दिवस के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए उन्हें संबोधित किया। इस अवसर पर केन्द्रीय विद्यालय डिंडौरी के प्राचार्य, शिक्षकगण और छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## गणतंत्र दिवस की संध्या पर उत्कृष्ट विद्यालय में आयोजित हुआ लोकतंत्र का लोकोत्सव भारत पर्व

# गणमान्य नागरिकों ने किया विभिन्न योजनाओं और संविधान पर केन्द्रित प्रदर्शनी का अवलोकन

**डिंडोरी।**



शासन के निर्देशानुसार 26 जनवरी 2025 पर गणतंत्र दिवस की संध्या पर उत्कृष्ट विद्यालय परिसर में भारत पर्व का आयोजन किया गया। भारत पर्व का आयोजन कलेक्टर हर्ष सिंह के मुख्याथित्य में आयोजित किया गया। इस दौरान अवधराज बिलैया, नरेंद्र सिंह राजपूत, जय सिंह मरावी, दुलीचंद उरैती, आशीष वैश्य, प्रभात जैन सहित अन्य जनप्रतिनिधि और जिला प्रशासन की ओर से सीईओ जिला पंचायत अनिल कुमार राठौर, एसडीएम शहपुरा ऐश्वर्य वर्मा, संयुक्त कलेक्टर सुश्री भारती मेरावी, एसडीएम डिंडोरी रामबाबू देवांगन, डिप्टी कलेक्टर वैद्यनाथ वासनिक सहित अन्य अधिकारीगण और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। भारत पर्व में धार जिले से आये कलाकारों और स्थानीय कलाकारों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। भारत पर्व के तहत डिण्डौरी जिले के लिये चयनित धार जिले से आये कबीर मालवी लोकगायन क्षेत्र के 7 सदस्यी दल ने नंदराम बारिया के नेतृत्व में मालवी गीतों के माध्यम से हमर हिंदुस्तान जागे गीत के द्वारा भारतीय संस्कृति की झलक प्रस्तुत की। वहीं डिण्डौरी जिले चाड़ा से आये लोकनृतक गोपाल सिंह धुर्वे के 12 सदस्यी दल ने बैगा गोंडी पिठाई नृत्य के माध्यम से लोककला की शानदार प्रस्तुति दी। कन्या शिक्षा परिसर की छात्राओं ने भारतीय स्वाधीनता संग्राम की गाथा का वर्णन नृत्य और नाटक के माध्यम से प्रस्तुत किया, इसी प्रकार कस्तूरबा गाँधी बालिका छात्रावास डिंडोरी, वृहद कन्या आश्रम, एकलव्य आदिवासी विद्यालय, उत्कृष्ट विद्यालय सहित अन्य कलाकारों ने भारत के लोकतंत्र के विविध रंगों को प्रदर्शित किया।

## खबर संक्षेप

### नादिया बांध की सरकारी जमीन पर कब्जा कर उगा रहे फसल



**गोटेगांव**–तहसील क्षेत्र के अंतर्गत जलसंसाधन विभाग का बाध नादिया गांव के पास मौजूद है। इस बाध के अंदर ठंड के मौसम में पानी कम होने के बाद इसकी जमीन पर कब्जा करके खेती करने वालों ने बोवनी का कार्य कर दिया है। पता चला है कि नादिया बाध की जमीन पर कई लोग अनाधिकृत रूप से कब्जा किए हुए हैं। इस कब्जा को खाली कराने की दिशा में जल संसाधन विभाग के द्वारा कोई कदम नहीं उठाया जा रहा है वही इस बाध पर नजर रखने वाले भी जिमेदार मौके पर नहीं पहुंचते है जिसके कारण बाध की जमीन पर कब्जा करने का सिलसिला हर वर्ष बढ़ता ही जा रहा है। जलसंसाधन विभाग के बाध की खाली जमीन पर खेती करने वाले एक ओर जमीन पर कब्जा करके खेती कर रहे हैं। वही दूसरी ओर बाध के पानी का उपयोग भी करते है। मगर जलसंसाधन विभाग को कोई लाभ प्राप्त नहीं होता है।

### प्रदीप जोगी हुये सम्मानित



**तेंदूखेड़ा**। विगत दिवस राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर जिले की कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के द्वारा ग्राम पंचायत मदनपुर के अंतर्गत फोटो निर्वाचक नामावली में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने पर रोजगार सहायक सचिव प्रदीप जोगी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया है। शुभचिंतकों ने श्री जोगी को बधाईयां प्रेषित की हैं।

### रामकुमार हुये सम्मानित



**तेंदूखेड़ा**। गणतंत्र दिवस की 76 वीं वर्षगांठ के अवसर पर जिला मुख्यालय पर आयोजित मुख्य समारोह में टेकापार ग्राम पंचायत के रोजगार सहायक सचिव रामकुमार किरार को उनके विभागीय दायित्वों को समय पर पूर्ण करने उत्कृष्ट प्रदर्शन के चलते प्रभारी मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत के द्वारा सम्मानित किया गया।

### नहीं रहीं रेवती देवी

**तेंदूखेड़ा**। विगत दिवस काचरकोना ग्राम के प्रतिष्ठित बसेडिया परिवार के वरिष्ठ पं विष्णु प्रसाद बसेडिया की धर्मपत्नी श्रीमती रेवती देवी का निधन हो जाने पर क्षेत्र के लोगों ने बड़ी संख्या में पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए अंतिम विदाई दी। श्रीमती रेवती देवी क्षेत्र के प्रतिष्ठित कथा व्यास पं रामनाथ शास्त्री दशरथ प्रसाद राधेश्याम बसेडिया की पूज्य माता जी एवं पं कृष्णकांत शास्त्री की दादी थी।

### टेकापार के समीप डलने लगी पुलिया



**तेंदूखेड़ा**। विगत दिनों चांवरपाठा विकास खंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम टेकापार से गंगई होकर बिल्थारी सड़क मार्ग को जोड़ने वाली प्रधानमंत्री सड़क मार्ग पर टेकापार के समीप मुख्य सड़क पर बहनें वाले निस्तार के गंदे पानी को लेकर आवागमन में हो रही परेशानी की खबर के बाद प्रधानमंत्री सड़क ठेकेदार द्वारा तत्काल प्रभाव से जे सीवी ले जाकर पुलिया डालने का का प्रारंभ कर दिया है। पुलिया डलने के बाद अब जहां सड़क मार्ग पर बहने वाला पानी बंद होगा वहीं आवागमन में हो रही असुविधा से भी मुक्ति मिल जाएगी। ग्रामीणों ने ठेकेदार के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया है।

## मुख्य समारोह में प्रभारी मंत्री ने किया झंडा वंदन

# आन बान शान से लहराया तिरंगा





### हर्षोल्लास से मनाया गया गणतंत्र दिवस

**हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर**। जिले में गणतंत्र दिवस समारोह देशभक्ति पूर्ण वातावरण में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। गाँव से लेकर जिला मुख्यालय तक जगह- जगह गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। मुख्य समारोह जिला मुख्यालय पर स्टेडियम ग्राउंड पर आयोजित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि प्रदेश के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण व जिले के प्रभारी मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने झंडा वंदन किया। तत्पश्चात उन्होंने समृद्धि के प्रतीक गुब्बारों का आकाश में उड्डयन किया। इस अवसर पर बैंड द्वारा जन- गण- मन की धुन प्रस्तुत की गई और मध्यप्रदेश गान हुआ। परेड कमांडर द्वारा प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के पश्चात मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री श्री राजपूत ने कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले एवं पुलिस अधीक्षक श्रीमती मृगाखी डेका के साथ परेड का निरीक्षण किया और परेड की सलामी ली।

### मीसाबंदियों का किया सम्मान

प्रभारी मंत्री श्री राजपूत ने मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया। मुख्यमंत्री के संदेश वाचन के पश्चात परेड दलों द्वारा जयघोष एवं हर्ष फायर किया गया। समारोह में विशेष सशस्त्र बल फस्ट बटालियन, जिला पुलिस बल, जिला महिला पुलिस बल, जिला होमगार्ड बल, एनसीसी सीनियर डिवीजन आईआईएमटी कॉलेज, एनसीसी सीनियर विंग डिवीजन आईआईएमटी



कॉलेज, एनसीसी सीनियर डिवीजन पीजी कॉलेज, एनसीसी सीनियर विंग पीजी कॉलेज, एनसीसी जूनियर डिवीजन उत्कृष्ट विद्यालय, एनसीसी सीनियर डिवीजन पीजी कॉलेज, स्काउट गाइड उत्कृष्ट विद्यालय, रेडक्रॉस पीएम श्री शास. एमएलबी कउमा विद्यालय, स्काउट गाइड पीएम श्री शास. एमएलबी कउमा विद्यालय और शौर्य दल के सदस्यों की संयुक्त परेड द्वारा आकर्षक मार्चपास्ट प्रस्तुत किया गया। मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री श्री राजपूत ने परेड कमांडरों से परिचय प्राप्त किया। इसके बाद उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और मीसाबंदियों का सम्मान किया। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। गणतंत्र दिवस समारोह में विभिन्न विभागों द्वारा जिला व प्रदेश के विकास की थीम पर विभागीय जनकल्याणकारी योजनाओं व कार्यक्रमों पर आधारित झांकियां प्रदर्शित की गई।



### प्रतिभागियों को किया पुरस्कार

गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में उत्कृष्ट परेड के लिए परेड पुलिस बल में जिला महिला पुलिस बल को प्रथम और परेड छात्र- छात्रा दल में प्रथम एनसीसी सीनियर डिवीजन एमआइएमटी कॉलेज नरसिंहपुर व एनसीसी सीनियर डिवीजन पीजी कॉलेज को पुरस्कार प्रदान किया गया। गणतंत्र दिवस पर प्रदर्शित की गई झांकियों में जिला पंचायत प्रथम, कृषि विभाग द्वितीय व स्वास्थ्य विभाग को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। इसी तरह सांस्कृतिक कार्यक्रमों में कॉबरा मेमोरियल गाडरवारा को प्रथम, सीएम राइज स्कूल नरसिंहपुर को द्वितीय, केन्द्रीय विद्यालय नरसिंहपुर को तृतीय और पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ज्योति नीलेश काकोड़िया, विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल, पूर्व राज्यसभा सांसद कैलाश सोनी, पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटैल अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी- कर्मचारी, विद्यार्थी और गणमान्य नागरिक मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन संजय चौबे, दीपक अग्निहोत्री और श्रीमती विभा दुबे ने किया।

### उत्कृष्ठ कार्य पर 244 कर्मचारी पुरस्कृत

प्रभारी मंत्री श्री राजपूत ने जिले में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 244 शासकीय अधिकारी- कर्मचारियों पुलिस व्यक्तियों संस्थाओं और विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया। जिला योजना अधिकारी सुश्री लता वान, जिला आयुष अधिकारी श्रीमती सुरत्ना सिंह, नेत्र चिकित्सा सहायक घनश्याम जाटव, कृषि विभाग के अंतर्गत सहायक संचालक कृषि श्रीमती सीमा डेहरिया, वरिष्ठ कृषि विकासखंड अधिकारी व्हीपी दुबे, प्र.व.कृ.वि. अधि. पीएस कौशल, एटीएम आत्मा विवेक उदेनिया व कृविअ डॉ. केपी सिंह को सम्मानित किया। स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नरसिंहपुर के अंतर्गत कम्प्यूटर ऑपरेटर श्रीमती नीता ढिमोले, बीए तृतीय वर्ष कु. राशिका चौरसिया व बी. कॉम. तृतीय वर्ष वेदांत कुमार को सम्मानित किया। क्रीड़ा प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश दल का प्रतिनिधित्व करने वाले विद्यार्थियों में सम्मिलित प्रतिभागियों को सम्मानित किया।



### कलेक्टर ने किया जनकल्याण शिविरों का अवलोकन

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर**। गत दिवस कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने जनपद पंचायत नरसिंहपुर की ग्राम पंचायत देवनगर नया, मुंगवानी एवं पाठा में आयोजित मुख्यमंत्री जनकल्याण शिविरों का अवलोकन किया। ग्राम पंचायत देवनगर नया में मौजूद ग्रामीणों से चर्चा की। इस दौरान महिलाओं को घरेलू कार्यों के साथ- साथ अन्य आर्थिक गतिविधियों से जुड़ने के लिए प्रोत्साहित किया। इसके लिए कलेक्टर श्रीमती पटले ने मछली पालन एवं मोती की खेती करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि इन गतिविधियों से जुड़कर महिलायें अपनी सामाजिक व आर्थिक स्थिति को बेहतर बना सकती हैं। जिले में ऐसे कई उदाहरण हैं। ग्रामवासियों ने बताया कि यहां की शासकीय भूमि पर अतिक्रमण किया गया है, जिससे पहुंच मार्ग अवरूद्ध है। कलेक्टर श्रीमती पटले ने तहसीलदार एवं राजस्व विभाग के अमले को अतिक्रमण हटाने के निर्देश मौके पर दिये। मुंगवानी में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अमले से यहां अब तक की गई टीबी की जांच की प्रगति जानी। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से बच्चों के टीकाकरण, कुपोषित बच्चों, गर्भवती महिलाओं एवं हाई रिस्क महिलाओं की जानकारी भी ली। कलेक्टर श्रीमती पटले ने निर्देशित किया कि कुपोषित बच्चों को एनआरसी में भर्ती करायें। एएनएम बच्चों को निर्धारित समय पर टीका लगवायें। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि माह के पहले मंगलवार को टीकाकरण किया जाता है। अभिभावक यह ध्यान में रखें। सचिव द्वारा बताया गया कि मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत आयोजित शिविरों में आये आवेदनों का निराकरण किया गया है। यहां 85 आयुष्मान कार्ड बनाये गये हैं। मुंगवानी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की तार फेंसिंग एस्टीमेट तैयार करने के निर्देश सहायक यंत्री को दिये। ग्राम पंचायत पाठा में ग्रामीणों से चर्चा के दौरान कलेक्टर श्रीमती पटले को बताया कि यहां पेयजल की समस्या है। कलेक्टर ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारी को पुनरीक्षित योजना के तहत प्रस्ताव तैयार करने के लिए कहा। कलेक्टर ने इंदिरा गांधी पेंशन योजना के तहत गनेशी बाई यादव, कौशल्या बाई व इमरती बाई साहू और लाड़ली लक्ष्मी योजना के तहत शिवांगी गौड़, सोमवती बाई, छोटी बाई, सुक्को बाई व अनुराधा पांडे व रामेश्वर ठाकुर को प्रमाण पत्र वितरित किये।

### विधायक श्री पटेल ने किया विभिन्न कार्यों का लोकार्पण व भूमिपूजन



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर**। विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत जनपद पंचायत चांवरपाठा की ग्राम पंचायत सडूमर में हितलाभ वितरण सह लोकार्पण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। उल्लेखनीय है कि 12 दिसम्बर से 26 जनवरी तक चलाये गये मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत जनपद पंचायत चांवरपाठा की 86 ग्राम पंचायतों में घर- घर सर्वे के बाद यह शिविर आयोजित किये गये। ग्रामीणों द्वारा 18 विभागों की 36 योजनाओं एवं सेवाओं के लिए 12 हजार 160 आवेदन प्राप्त हुए। इन आवेदनों का निराकरण कर हितलाभ वितरण किया गया। ग्राम पंचायत सडूमर में आयोजित कार्यक्रम में आयुष्मान योजना के तहत 15 हितग्राहियों व 70 वर्ष के 115, पेंशन के 8, पात्रता पर्ची के तीन, लाड़ली लक्ष्मी योजना के 5, प्रसूति के 5, खसरा बी- वन के 20 और जन्म- मृत्यु प्रमाण पत्र के 10 हितग्राहियों को हितलाभ वितरित किये गये। विधायक श्री पटेल व अन्य जनप्रतिनिधियों ने 32.51 लाख रुपये की लागत के कुल 11 कार्यों का लोकार्पण और 36.19 लाख रुपये की लागत के कुल 5 कार्यों का भूमिपूजन किया। उन्होंने यात्री प्रतीक्षालय, 7.53 लाख रुपये की लागत की ग्वालियर टोला में सीसी रोड, 5.80 लाख रुपये लागत की सीसी रोड, 3.34 लाख रुपये लागत के सेग्रीगेशन शेड व अन्य सीसी रोड व नाली निर्माण कार्य का लोकार्पण किया। इसके अलावा 25 लाख रुपये लागत के हाट बाजार टीन शेड, 3.45 लाख रुपये लागत के स्वच्छता परिसर, सीसी रोड और सीसी रोड व नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर अन्य जनप्रतिनिधि, जनपद सीईओ संजीव गोस्वामी व अन्य अधिकारी- कर्मचारी और गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

### भारत पर्व का हुआ आयोजन दी गई मनोरम प्रस्तुति

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर**। गणतंत्र दिवस की संध्या पर 26 जनवरी को पीजी कॉलेज नरसिंहपुर के ऑडिटोरियम में लोकतंत्र का लोकोत्सव भारत पर्व के कार्यक्रम में कलाकारों द्वारा देशभक्ति से ओतप्रोत गायन, नृत्य व गीतों की मनोरम रंगारंग प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ज्योति नीलेश काकोड़ियां, कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले, रामसनेही पाठक व अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा सरस्वती पूजन और दीप प्रज्वलित कर किया गया। भारत पर्व पर नरसिंहपुर वासियों ने लोकोत्सव के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भरपूर आनंद उठाया। कार्यक्रम में एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां देखने- सुनने को मिलीं। भारत पर्व पर प्रदीप पुरोहित ने ष्जहां पांव में पायल हाथ में कंगन हो माथे पे बिंदिया- इट हप्पेंस ओनली इन इंडियाष एकल गीत प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। भोपाल से आये भोपाल रॉक बैंड के 6 सदस्यीय दल ने देशभक्ति गीत की शानदार प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में कलेक्टर ने कलाकारों के अलावा उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को भी प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

## धूमधाम से मनाई गई गणतंत्र की 76 वीं वर्षगांठ



**तेंदूखेड़ा**। गणतंत्र दिवस की 76 वीं वर्षगांठ हर्षोल्लास पूर्ण अंदाज में धूमधाम से मनाई गई।इस मौके पर स्कूली बच्चों ने नगर के मुख्य मार्गों से प्रभातफेरी निकाली तथा जगह जगह ध्वजारोहण कार्यक्रम में भाग लिया स्वतंत्रता सेनानी स्व रामचंद्र राय के स्मारक पर ध्वजारोहण के साथ पुरानी नगर परिषद कार्यालय का ध्वजारोहण नगर परिषद अध्यक्ष विष्णु शर्मा ने किया तथा नगर परिषद कार्यालय का ध्वजारोहण विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल के द्वारा किया गया। तथा मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया गया गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर सच्चे दादा चौक डा आंबेडकर स्मारक पर माल्यार्पण किया गया।इसी बीच पुराने मदनपुर सड़क मार्ग डोला सीमेंट सड़क का भूमी पूजन विधायक के द्वारा किया गया। सर्वोदय विद्यालय की बालक बालिका एन सी सी कैडेट्स एवं एन एस एस के छात्रों ने परेड का प्रदर्शन किया। सभी संस्थाओं के प्रभारियों द्वारा ध्वजारोहण किया। बच्चों को मिठाई बांटी गई। ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम पंचायत के सरपंचों ने ध्वजारोहण किया स्कूलों में बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए उन्हें पुरस्कार दिए गये।

### सीनियर सिटीजन क्लब बनाया जाये



**तेंदूखेड़ा**। गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या के पर जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जिले के सभी थानों में प्रतिष्ठित वृद्धजनों को बुलाकर उनकी कुशल-क्षेम पूछने पुराने अनुभवों रचनात्मक सकारात्मक गतिविधियों में उनकी भूमिका को लेकर बैठक आयोजित की गई।इस मौके पर तेंदूखेड़ा के वरिष्ठ वृद्धजनों ने अपनी अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए वरिष्ठ चिकित्सक डा शचीन्द्र मोदी ने अपनी बात रखते हुए नगर में एक सीनियर सिटीजन क्लब गठित करने का प्रस्ताव रखा वहीं सभी वृद्ध जनों को त्यौहारों के अवसर पर सामूहिक मिलन समारोह आयोजित कर आध्यात्मिक कार्यक्रम विचार गोष्ठी आयोजित करने जैसे विंदुओं पर विस्तार से चर्चा की।नगर निरीक्षक बलबीर सिंह चौधरी ने सभी का पुष्पाहारों तिलक लगाकर सम्मान किया उनके शतायु होने की बात कही और समय-समय पर पुराने अनुभवों को साझा कर नगर में एक अच्छा वातावरण बनाने का विषय रखा।इस मौके पर नगर के प्रतिष्ठित वरिष्ठ डा शचीन्द्र मोदी डा प्रकाश जैन गनेश प्रसाद पुजारी बाबूलाल दुबे अभय जैन हीरापुर वाले दुबे सहित बड़ी संख्या में वृद्ध जन उपस्थित थे।

## नगर के मुख्य मार्केट में सुविधा घर ना होने से नागरिक परेशान

**गोटेगांव** । स्थानीय नगर विकास के लिए नगरपालिका निरंतर प्रयास कर रही है। लेकिन बाजार में कुछ ऐसे भी स्थान है, जहां पर संसाधनों की अत्यधिक जरुरत है। उसके बावजूद स्थानीय लोगों की मांग पर सुविधा घर निर्माण नहीं करा पा रही है। तत्काल समाधान के लिए चलित शौचालय तैयार हुए। लेकिन वह गायब है। शहर में कुछ चिन्हित स्थानों पर सुलभ शौचालय का निर्माण किया गया है। लेकिन वह ज्यादातर बंद रहते । वही बात करें शहर के मुख्य मार्केट की जहां पर सुविधा घर उपलब्ध नहीं है। इसी मार्केट में सुबह से शाम तक दुकानदार और आमजन बाजार में रहते है। इससे उनकी समस्याएं बढ़ जाती है। दुकानदार और आमजन और स्थानीय लोगों के द्वारा सुविधा घर निर्माण कराने की मांग की जाती रही है। लेकिन वह मांग नगरपालिका की फाइलों में दबकर रह गई है। जिम्मेदारों की इस कार्य प्रणाली से आमजनों को दिन प्रतिदिन परेशान होना पड़ रहा है। भगतराम चौराहा पर शासकीय ड्यूटी में तैनात पुलिस कर्मियों को भी इस असुविधा का सामना करना पड़ता है।इन स्थानों पर सबसे ज्यादा सुविधा घरों की आवश्यकता महसूस हो रही है।बड़े पुल,लाठगांव चौराहा, बैलहाई बाजार के साथ अन्य स्थानों पर सुविधा घर (शौचालय) नहीं है। इससे शहर की स्वच्छता भी बेपटरी पर आ रही है। वहीं शहर के कुछ स्थानों पर सार्वजनिक शौचालय न होने के कारण क्षेत्रवासियों को भारी असुविधाओं का सामना करना पड़ता है। नगर वासियों ने कई बार शासन प्रशासन से चिन्हित स्थानों पर शौचालय बनाए जाने की माग की है। बावजूद इसके आज तक कोई ध्यान नहीं दिया गया है।फुहारा चौक के पास तो सुविधा घर बना है, लेकिन बड़े पुल और लाठगांव चौराहा के पास तक सुविधा घर की व्यवस्था उपलब्ध नहीं है। अधिकारी और जनप्रतिनिधि इस और ध्यान दें।

## सिलावट समाज संगठन द्वारा गणतंत्र दिवस समारोह मनाया गया



**गोटेगांव-** I थानीय नगर के सिलावट समाज संगठन द्वारा गणतंत्र दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। गांधीवार्ड लाठगांव रोड पर स्थित प्रदेश कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में सर्वप्रथम भारत माता,मां सरस्वती,भीमराव अंबेडकर के तेलचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर तिरंगा झण्डा फहराया गया एवं राष्ट्रगान की प्रस्तुति कर तिरंगे झण्डे को सलामी दी।इस दौरान कार्यक्रम में उपस्थित मचासीन वरिष्ठजनों का स्वागत पुष्पमाला एवं तिलक लगाकर किया गया वही उद्बोधन की श्रृंखला में अनेक वक्ताओं ने देशभक्ति से ओत-प्रोत कविताएं आदि की प्रस्तुति दी।कार्यक्रम के अंत में उपस्थित वरिष्ठ जनों को सम्मान स्वरूप स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।वही कार्यक्रम का मंच संचालन संरक्षक जितेंद्र चांदोरिया द्वारा किया गया।आभार व्यक्त महामंत्री दीनूसिंह छिरा ने किया।अत में सुल्पाहार वितरण कर कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी गोटल प्रसाद,मूरत परसवाल,सीएल छिरा,बुद्धराज सिंह,तुलसीराम सिलावट,परसराम छिरा, हाकमसिंह दोहैया,करन दोहैया,नारायण पिपरोलिया,सिलावट समाज प्रदेश अध्यक्ष परम सिंह सिलावट,उत्तमसिंह छिरा, देवीसिंह परसवाल,संजू चौहान (पत्रकार)सुरेंद्र पिपरोलिया,राकेश बझैया, दौलत बझैया,पंचम सिंह, आनंद दोहैया,कान्हा छिरा,कमलकांत जारोलिया,दसरथ दोहैया,दुर्गेश सिलावट, संजय चांदोलिया,आकाश परसवाल,अजय छिरा,विनीत छिरा,प्रदीप परसवाल,अनिल सिलावट,रोहित परसवाल,अनुराग सिलावट,परसराम नोरेजिया,सत्यम सिलावट सहित अन्य नागरिक उपस्थित रहे।

### बगासपुर विद्यालय में हर्षोल्लास के साथ मनाया गणतंत्र दिवस।



**गोटेगांव।** समीपवर्ती ग्राम बगासपुर के हाईस्कूल विद्यालय में गणतंत्र दिवस मनाया गया। सर्वप्रथम ग्राम पंचायत के सरपंच चौ. सुधीर पटेल द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर झण्डा फहराया गया तत्पश्चात तिरंगे झण्डे को सलामी दी और नारों के जयघोष से सम्पूर्ण प्रांगण गुंजायमान हो उठा इसके तुरंत बाद राष्ट्रगान की प्रस्तुति कर तिरंगे झण्डे को सलामी दी वहीं जनप्रतिनिधियों का स्वागत पुष्पमाला, रोरी एवं तिलक लगाकर किया गया। सरस्वती पूजन के पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें शासकीय हाईस्कूल, शासकीय एकीकृत माध्यमिक विद्यालय, आंगनवाड़ी केन्द्र एवं ग्रामपंचायत बगासपुर के छात्र छात्राओं ने प्रस्तुत किए जो बड़े ही मनमोहक थे, देशभक्ती गीत,गायन, नृत्य, कविताएं आदि की प्रस्तुतियों ने सम्पूर्ण बगासपुर को आनंदित कर दिया। छोटे छोटे बच्चों ने भी शानदार प्रेजेंटेशन दिया, जिसे देखकर सभी अतिथियों ने पुरुस्कार रुप में राशि देकर छात्रों का उत्साहवर्धन किया। सभी छात्रों की मनमोहक प्रस्तुति के लिए शील्ड,कापी,पेन पेंसिल एवं अन्य पुरुस्कार सरपंच महोदय ने स्वयं एवं जनप्रतिनिधियों ने प्रदान किये एवं सभी को प्रसाद वितरित किया गया तथा सभी छात्रों को विशेष मध्याह्न भोजन कराया गया।कार्यक्रम के अंत में प्रेमशंकर पटेल ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का मंच संचालन प्रभारी संकुल प्राचार्य रंजीत सिंह पिपरोलिया एवं सविता मेहरा ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता चौ.सुधीर सिंह पटेल द्वारा की गई, विशेष अतिथियों के रुप में प्रेमशंकर पटेल,पद्मम पटेल(पूर्व सरपंच), उपसरपंच,एड.मनोज साहू,रघुवर ठेकेदार, और इत्यादि उपस्थित रहे। वहीं शासकीय हाईस्कूल बगासपुर से आरती लोधी माध्यमिक शिक्षक, मंजरी विश्वकर्मा माध्यमिक शिक्षक, अभिषेक चौरसिया शिक्षक, घनश्याम चौधरी और टीकाराम तिवारी तथा मा. वि.से रजना ठाकुर प्रधान पाठक, मनोज राजपूत, अभिलाष राजपूत,अजय श्रीवास्तव,विमला चौधरी, पूना चौधरी,कविता वर्मा, केदार ठाकुर,अभिलाषा दुबे, ममता ठाकुर,अनीता नामदेव,सचिव मोहन साहू,आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं आशा कार्यकर्ताओं,ग्रामवासी उपस्थित रहे।